परिवार की मौजूदगी में घर से 13 लाख का सोना और नगदी चोरी

चोरों ने परिवार वालों को कमरे में बंद कर लॉक लगा दिया और सीसीटीवी कैमरे बंद कर वारदात अंजाम दी

- पीड़ित ने अपने पूर्व नौकर बबलू, निवासी लखनऊ, पर शक जताया, एफआईआर में पुलिस ने उसे संदिग्ध के रूप में दर्ज किया

जोधपुर, (कासं)। शहर के बीजेएस कॉलोनी, हनुवंत ए सेक्टर में 14 अगस्त की आधी रात में चोरी हो गई। चोरों ने परिवार के लोगों को कमरे बंद कर बाहर से लॉक लगा दिया और सीसीटीवी कैमरे भी बंद कर डाले। बाद में घर से 12 लाख का सोना, एक लाख की नगदी आदि सामान चोरी कर ले गए। इस बारे में सूचना दिए जाने पर महामंदिर पुलिस ने मौके पर पहुंच मुआयना किया। अब रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान के साथ तलाश की जा रही है।

बीजेएस कॉलोनी, मटकी चौराहा निवासी अक्षय ज्योत रतनू पुत्र भंवरदान रतनू ने रिपोर्ट दी है। इसके अनुसार 14 अगस्त की रात को परिवार के सो जाने के बाद तीन अज्ञात व्यक्ति छत के रास्ते मकान में दाखिल हुए। बदमाशों ने उनके माता-पिता के कमरे से टेबल पर रखे सोने के आभूषण चुरा लिए। इनमें सोने की चेन, अंगूठी, मूर्ति और हाथों के कड़े सहित करीब 7-8 तोला सोना था। इसके अलावा करीब एक लाख रुपए नकद भी ले गए।

चोरों ने परिवादी अक्षय ज्योत और उनकी भाभी के कमरों को बाहर से लॉक कर दिया। घर में सामान अस्त-व्यस्त करने के साथ नौकर के ईयरफोन और 300 रुपए भी चोरी किए। शिकायत में बताया गया कि बदमाशों ने घर के सभी सीसीटीवी कैमरे भी बंद कर दिए थे।

घटना के बाद अभय कमांड सेंटर में रूट के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। इसमें एक आई-20 कार के बी रोड पर गली नंबर 3 के पास रुकने और उसमें से तीन लोगों के उतरने की जानकारी सामने आई है। अक्षय ने अपने पूर्व नौकर बबलू, निवासी लखनऊ, पर शक जताया है। हालांकि एफआईआर में पुलिस ने उसे संदिग्ध के रूप में दर्ज किया है, उसकी संलिप्तता की पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

आकाश कोचिंग ने सबसे बड़ा टैलेंट हंट "एग्जाम एंथे" लॉन्च किया

- भारत की सबसे लंबे समय से आयोजित की जा रही इस टैलेंट आइडेंटिफिकेशन परीक्षा ने 16 वर्षों में 1 करोड़ से अधिक छात्रों की भागीदारी दर्ज की है

कोटा में आकाश नेशनल टेलेंट हंट एग्जाम के पोस्टर का विमोचन किया गया।

कोटा, (निसं)। आकाश कोचिंग ने सबसे बड़ा टैलेंट हंट एग्जाम एंथे (आकाश नेशनल टेलेंट हंट एग्जाम) लॉन्च किया है। भारत की सबसे लंबे समय से आयोजित की जा रही इस टैलेंट आइडेंटिफिकेशन परीक्षा ने पिछले 16 वर्षों में 1 करोड़ से अधिक छात्रों की भागीदारी दर्ज की है। यह परीक्षा वैज्ञानिक मूल्यांकन, राष्ट्रीय स्तर की बेंचमार्किंग और पर्सनलाइज्ड अकादमिक इनसाइट्स के माध्यम से छात्रों को यह समझने में मदद करती है कि उन्हें किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है और आगे क्या करना है। छात्रों की योग्यता और प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप और 2.5 करोड़ रुपए के कैश प्राइज दिए जाएंगे।

आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) पिछले 16 वर्षों से तैयारी और छात्रों की सेल्फ-अवेयरनेस के बीच इसी गैप को दूर करने की दिशा में काम कर रहा है। इस शुरुआती आकलन का महत्व उन छात्रों की सफलता की यात्राओं से भी स्पष्ट होता है, जिन्होंने आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया। नीट 2026 में टॉप 100 में रैंक हासिल करने वाले आकाश के 41 छात्रों में से 31 छात्र पहले एंथे में क्वालीफाई कर चुके थे। इसी तरह जेईई एडवांस 2026 के टॉप 100 में जगह बनाने वाले 11 छात्रों में से 7 छात्र एंथे से जुड़े रहे हैं। ये उपलब्धियां बताती हैं कि छात्र की शुरुआती पहचान, व्यवस्थित अकादमिक तैयारी और लगातार मार्गदर्शन उसकी प्रतियोगी परीक्षा की पूरी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

एंथे के महत्व पर बात करते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के एमडी एवं सीईओ चंद्र शेखर गरिसा रेड्डी ने कहा कि हमारे लिए एंथे कभी भी सिर्फ ऐसी परीक्षा नहीं रही है, जो किसी छात्र की स्कॉलरशिप तय करती हो। इसका बड़ा उद्देश्य छात्रों को अपनी अकादमिक क्षमता को समझने में मदद करना है, खासकर उस स्तर पर जब सही मार्गदर्शन उनके भविष्य में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। हमारा प्रयास है कि हर छात्र एंथे के बाद अपनी अकादमिक यात्रा को लेकर ज्यादा स्पष्टता और आगे बढ़ने के लिए बेहतर समझ के साथ आगे बढ़े। एंथे में शामिल होने वाले हर छात्र को एक विस्तृत 'एंथे इंटेलिजेंस रिपोर्ट' दी जाती है, जिसे परीक्षा के प्रदर्शन को उपयोगी और व्यावहारिक अकादमिक इनसाइट्स में बदलने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यह रिपोर्ट छात्रों को विषयवार अपनी मजबूतियों और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करती है, जिन पर उन्हें अधिक ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही, यह उन्हें यह समझने का नजरिया भी देती है कि वे प्रतियोगी परीक्षाओं की चुनौतियों का सामना करने के लिए कितने तैयार हैं। यह परीक्षा कक्षा से तक के छात्रों के लिए खुली है और ऑनलाइन व ऑफलाइन, दोनों माध्यमों में आयोजित की जाएगी। एंथे 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन अब शुरू हो चुके हैं और छात्र आधिकारिक एंथे पोर्टल तथा देशभर में मौजूद आकाश सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन परीक्षा 27 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक आयोजित होगी, जबकि ऑफलाइन परीक्षा 11 अक्टूबर, 25 अक्टूबर और 1 नवंबर 2026 को आयोजित की जाएगी।

तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

- दूसरा युवक गंभीर घायल, हालत गंभीर होने पर जयपुर रैफर किया
- मंदिर में जागरण कार्यक्रम में जा रहे थे, हादसे के बाद वाहन चालक फरार

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी उपखंड क्षेत्र में स्टेट हाइवे-13 पर नानूवाली बावड़ी के पास देर रात तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद टक्कर मारने वाली सफेद रंग की गाड़ी मौके से फरार हो गई। गंभीर घायल को खेतड़ी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार चावड़ा की ढाणी निवासी कृष्ण कुमार (25) पुत्र जगदीश और अधाणा की ढाणी निवासी देवराज (35) पुत्र रामोतार अपने साथियों के साथ नानूवाली बावड़ी स्कूल परिसर स्थित शिव मंदिर में जागरण कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे। रविवार रात करीब 11 बजे दोनों बाइक से अपने घर परिवार के सदस्यों को लेने के लिए रवाना हुए थे। दोनों जब ढाणी भरगड़ान के पास स्टेट हाइवे-13 पर पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति से आई सफेद रंग की गाड़ी ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार कृष्ण कुमार और देवराज सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देखकर मौके पर पहुंचे राहगीरों ने दोनों घायलों को तत्काल राजकीय उप जिला अस्पताल, खेतड़ी पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद कृष्ण कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं देवराज की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जयपुर रैफर कर दिया गया।

ग्रामीणों के अनुसार कृष्ण कुमार और देवराज अपने साथियों के साथ ग्रामीणों के सहयोग से पिछले करीब तीन वर्षों से शिव मंदिर में जागरण कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे थे। दोनों युवकों के साथ हुए हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक कृष्ण कुमार विवाहित था और उसका करीब एक साल का बेटा है। वह जयपुर में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। कृष्ण कुमार के बड़े भाई सुनील और पिता जगदीश भी मजदूरी करते हैं। वहीं घायल देवराज अविवाहित है और निजामपुर मोड़ पर वेल्डिंग का काम करता है। हादसे की सूचना मिलते ही खेतड़ीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने दुर्घटना से संबंधित जानकारी जुटाई। टक्कर मारने वाली गाड़ी मौके से फरार हो जाने के कारण पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। एएसआई विजय कुमार ने बताया कि हादसे के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

दुष्कर्मी को 20 साल की सजा

कोटा, (निसं)। नाबालिग से दुष्कर्म के साढ़े तीन साल से अधिक पुराने मामले में पॉस्को क्रम-5 न्यायालय ने पकड़े गये आरोपी को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाई, साथ ही 50 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

विशिष्ट लोक अभियोजक महेश चांदवानी ने बताया कि 4 अक्टूबर 2022 को पीड़िता के पिता ने ग्रामीण के एक थाने में रिपोर्ट दी। पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट में कहा कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी घर से जेरोक्स कराने की कहकर निकली थी और घर नहीं लौटी। उसको काफी तलाश किया गया।

बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत

- दोनों बच्चे रविवार को घर से क्रिकेट खेलने को निकले थे, दूसरे दिन शव मिले
- चिकनी मिट्टी होने के कारण प्रारंभिक तौर पर पैर फिसलने से पानी में गिरने की आशंका जताई

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती करवड़ क्षेत्र में आई जेडीए कॉलोनी में भरे बारिश के पानी में बने गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। रविवार को बच्चे खेलते समय पानी तक पहुंच गए, बाद में आठ-दस फीट बने गड्ढे तक उतर गए और दलदल में फंसने से उनकी मौत हो गई। बच्चे समय पर घर नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने अपने स्तर पर बच्चों को इधर-उधर ढूंढा, मगर वे नहीं मिले। रातभर बच्चों की तलाश की गई। सोमवार सुबह उनके शव पानी में ऊपर आने पर दिखे। दोपहर में पुलिस ने कार्रवाई की और पोस्टमार्टम करवा शव परिजन को सुपुर्द किए।

करवड़ थाना अधिकारी परमेश्वरी ने बताया कि मृतकों की पहचान विष्णु पटेल (13) पुत्र सोहनराम और नीतेश (11) पुत्र ओमाराम निवासी लोरड़ी पंडितजी के रूप में हुई है। दोनों रविवार को घर से क्रिकेट खेलने के लिए निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। सोमवार सुबह दोनों के शव गांव के श्मशान के पास जेडीए की ओर से विकसित की जा रही कॉलोनी में भरे पानी में मिले। थानाधिकारी परमेश्वरी ने बताया कि चिकनी मिट्टी होने के कारण प्रारंभिक तौर पर आशंका है कि पैर फिसलने से दोनों बच्चे पानी में गिर गए और डूब गए। पानी ऊपरी तौर पर साफ नजर आ रहा था, मगर कुछ ही दूरी पर बड़ा गड्ढा तकरीबन 8-10 फीट होगा, जिसमें गिर गए और दलदल में फंस गए। रात को उनकी तलाश की गई थी। आज सुबह शव पानी में ऊपर आ गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष है। लोगों का आरोप है कि जेडीए की ओर से काटी गई कॉलोनी में बरसात का पानी जमा है और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पानी निकासी और सुरक्षा के इंतजाम किए जाते तो इस तरह की दर्दनाक घटना को टाला जा सकता था। दोनों मृतक बच्चों के माता-पिता किसान हैं। हादसे की खबर से परिवारों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर छा गई। थानाधिकारी परमेश्वरी ने बताया कि शवों का दोपहर में पोस्टमार्टम करवाया गया है। अग्रिम अनुसंधान जारी है।

सर्पदंश से एक युवक की मौत : करौली-हिंडौन सड़क मार्ग पर स्थित जुंगीनपुरा गांव निवासी कुमार गौरव (31) पुत्र हरदयाल गुर्जर कृषि कार्य कर रहा था। अकस्मात ही सर्प ने डस लिया। उपचार के लिए करौली सामान्य चिकित्सालय लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड

o/o मुख्य अभियंता (सिविल), एल.आई.सी. जीवनदीप भवन, लालकोठी, जयपुर

निविदा आमंत्रण सूचना : TN-08 (RVU2627WSOB01112)

"आर.जी.टी.पी.पी. रामगढ में कूलिंग टॉवर स्टेज-1 एवं 2 की आरसीसी संरचना का सुदृढ़ीकरण और विशेष मरम्मत कार्य" हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in (ई-निविदा हेतु), www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/26/10025 RVUN/PR-4457 मुख्य अभियन्ता (Civil)

कार्यालय नगर परिषद, फलोदी जिला-फलौदी (राज0)

क्रमांक / न0प0फ0 / 2026-27 / 3599 दिनांक :- 10.08.2026

-: ई-निविदा सूचना :-

नगर परिषद फलोदी द्वारा परिषद क्षेत्र में 3 कार्य हेतु सक्षम एवं राजकीय विभागों में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 21.08.2026 को 12:00PM बजे तक ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा की विस्तृत जानकारी व वेब साईट https://eproc.rajasthan.gov.in, व https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

Tender ID :- 2026_DLB_585555_1, 2026_DLB_585555_2, 2026_DLB_585555_3
UBN No. :- DLB2627WSOB17716, DLB2627WSOB17726, DLB2627WSOB17734

राज.संवाद / सी / 26 / 10092 आयुक्त, नगर परिषद,फलोदी

कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :-न.प.सु / विकास शाखा / 2026 / 5556 दिनांक :- 10.08.2026

:-ई-निविदा सूचना-2026-27:-

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदा दिनांक 18.08.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक (DLB2627WSOB17920), (DLB2627WSOB17923), (DLB2627WSOB17925), (DLB2627WSOB17928), (DLB2627WSOB17930) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
राज.संवाद / सी / 26 / 10123 नगर परिषद, सुजानगढ

कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :-न.प.सु / विकास शाखा / 2026 / 5546 दिनांक :- 10.08.2026

:-ई-निविदा सूचना-2026-27:-

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदा दिनांक 18.08.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक (DLB2627WSOB17892) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
राज.संवाद / सी / 26 / 10122 नगर परिषद, सुजानगढ

भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

क्रमांक :- लेखा/भ.वि.प्रा./2026-27/12113 - 26 दिनांक :- 13/08/2026

ऑनलाईन निविदा सूचना सं. 43/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भरतपुर विकास प्राधिकरण, में उपयुक्त श्रेणी एवं विभिन्न विभागों में ए एवं एए श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से कुल 01 कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्तें, अनुमानित लागत राशि, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur एवं http://sppp.raj.nic.in portal पर देखा जा सकता है।

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in portal का अवलोकन करें।

UBN No. : WAQ2627WLRC00114 अधिशाषी अभियंता
राज.संवाद/सी/26/10042 भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड

उत्पादन वृत्त, राजभवन मार्ग, कोटा-324001, फोन: 0744-2327613

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों / सामग्री की आपूर्ति / वार्षिक अनुबंध हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:-16 (RVU2627WSOB01094) संचालन एवं शिफ्ट अनुरक्षण में सहायता तथा अधीक्षण अभियंता, जनरेशन सर्किल, कोटा एवं डिविजन कार्यालय जवाहर सागर में दैनिक कार्य, 17(RVU2627WSOB01095) हाउसकीपिंग एवं खानपान व्यवस्था तथा दैनिक सफाई, 18 (RVU2627WSOB01096) जनरेटरों, पावर ट्रांसफॉर्मरों एवं संबंधित उपकरणों के वार्षिक/आकस्मिक / निवारक / नियमित अनुरक्षण कार्य, 19(RVU2627WSOB01099) स्विचयार्ड एवं उससे संबंधित उपकरणों के नियमित / आकस्मिक / वार्षिक अनुरक्षण एवं ब्रेकडाउन कार्य, 20 (RVU2627WSOB01101) टर्बाइनों एवं उनसे संबंधित उपकरणों / सहायक प्रणालियों तथा गैन्ट्री/ई.ओ.टी. क्रेनों के नियमित/निवारक / आकस्मिक खराबी एवं वार्षिक रखरखाव, 22(RVU2627WSOB01102) जनरेटरों, ट्रांसफॉर्मरों, स्विचयार्ड एवं उनसे संबंधित सहायक प्रणालियों के नियमित / निवारक /आकस्मिक खराबी एवं वार्षिक रखरखाव कार्यों, प्रकाश व्यवस्था तथा विविध कार्य, 02(RVU2627WSOB01097) सिविल, सैनिटरी एवं स्टील जॉइनरी कार्य एवं 21(RVU2627WSOB01092) डीसी बैटरी बैंक की स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग तथा विभिन्न विद्युत उपकरण की आपूर्ति। निविदा विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in (ई-निविदा हेतु), www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/26/10021 RVUN/PR-4453 अधीक्षण अभियंता (उत्पादन वृत्त)

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

अल्पकालिक निविदा सूचना संख्या-12 और 13 (2026-27)

केंद्र / राज्य सरकार के विभागों एवं रा. रा. वि. प्र.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत / मान्य व अनुभवी निविदाकारो से अल्पकालिक निविदा सूचना संख्या-12 (2026-27) के क्र.सं. 01 से 02 अधिशाषी अभियन्ता प्रथम (सिविल), रा॰रा॰वि॰ प्रसा॰नि॰लि॰ बीकानेर व क्र.सं. 03 से 06 अधिशाषी अभियन्ता द्वितीय (सिविल), रा॰रा॰वि॰ प्रसा॰नि॰लि॰ बीकानेर व क्र.सं. 07 से 09 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा॰रा॰वि॰ प्रसा॰नि॰लि॰ हनुमानगढ व क्र.सं. 10 से 11 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा॰रा॰वि॰ प्रसा॰नि॰ लि॰ रतनगढ के अन्तर्गत कार्यों हेतु प्रोक्यूरमेंट प्रकिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। एवमं ई निविदा सूचना संख्या-13 (2026-27) के क्र.सं. 01 अधिशाषी अभियन्ता प्रथम (सिविल), रा॰रा॰वि॰ प्रसा॰नि॰लि॰ बीकानेर व क्र.सं. 02 अधिशाषी अभियन्ता - द्वितीय (सिविल), रा॰रा॰वि॰ प्रसा॰नि॰लि॰ बीकानेर के अन्तर्गत कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा 'शुल्क, निविदा बेचे जाने तथा खुलने की तारीख, धरोहर राशि व निविदा विशिष्टियां आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in. &www.rvpn.co.in पर देखा जा सकता है।

UBN : VPN2627WSOB01224,1225,1211, 1213, 1215,1216,1217,1218,1221,1214,1212 (NIT No.12)

UBN : VPN2627WSOB01222,1219 (NIT No.13)

राज.संवाद/सी/26/10011 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7751/2026 अधीक्षण अभियन्ता (सिविल), बीकानेर

जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

सांगलपुरा, जयपुर रोड, बीकानेर - 334001 दूरभाष : 0151-2226200

अल्पकालिक ई - निविदा सूचना

"132 केवी जी.एस.एस. डलूसर से भोजूसर, नैणासर-सुमेरिया, सावर एवं तोलासर-रोलासर फीडरों द्वारा क्रमशः 33/11 केवी S/S गोगाणी जोहड़ी, नैणासर-सुमेरिया, सावर तथा तोलासर-रोलासर के इंटरकनेक्शन (I/C) हेतु एस.टी.पी. (STP) योजना के अंतर्गत A.C.S.R. (Dog) कंडक्टर सहित 33 केवी ओवरहेड सिंगल सर्किट लाइन (लंबाई क्रमशः 16.00 कि.मी. + 0.27 कि.मी. + 0.25 कि.मी. + 3.50 कि.मी. = कुल 20.02 Kms.) के निर्माण कार्य को श्रम दर (Labour Rate Basis) पर निष्पादित किए जाने हेतु सहायक अभियंता (ओ एंड एम), भानीपुरा उपखण्ड, जोधपुर डिस्कॉम, चूरू वृत्त द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।"

TN-BZ-05/2026-27(UBN No. JVV2627WSOB00371)

अन्य विवरण जैसे निविदा मुल्य, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने / खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं www.eproc.rajasthan.gov.in द्वारा जानी जा सकती हैं। निविदाकर्ताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है की ऑन लाइन www.eproc.rajasthan.gov.in पर निविदा डालने से पहले निविदा दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अध्यन्न कर ले। भविष्य में इन् निविदाओं से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन तिथि बढ़ने की जानकारी आदि केवल वेबसाइट www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध करायी जायेगी।

मुख्य अभियंता (बी.सं.)
राज.संवाद/सी/26/10030 जोधपुर डिस्कॉम बीकानेर

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045

राजस्थान सरकार

कार्यालय अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

राजकीय जनाना चिकित्सालय परिसर, मोरी चार बाग भरतपुर 321 001 (राज.)
eemhbharatpur@gmail.com, ee-mh-bharatpur@gov.in, Mob. 9983296632

क्रमांक/M&H/2026-27/953 दिनांक : 13.08.2026

निविदा सूचना संख्याः 16/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्य जिला भरतपुर / डीग / करौली में रू. 135.00 लाख के निर्माण कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में सिविल कार्यों हेतु पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

	अनुमानित लागत (रू.लाखों में)	UBN No.
NIB Code- MHS2627A2533		
Construction work of PHC Building Bookna Distt Karauli	135.00	UBN is: MHS2627WSOB03518

(संदीप वर्मा)
अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/14940/2026 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर

कार्यालय नगर निगम जोधपुर

पोलिटेक्निक कॉलेज परिसर के अन्दर, गौरव पथ, जोधपुर
फोन संख्या :-0291-2651491 हेल्पलाईन :- 0291-2651473 e-mail: ceo_nnj@rediffmail.com

क्रमाकः-सं. / एफ-15 / कार्य / 2026 / RL-16906 दिनांकः- 11.08.2026

ई- निविदा सूचना क्रमांक RL-16900 दिनाक 11.08.2026
UBN No. DLB2627WSOB18178

जोधपुर नगर निगम द्वारा इच्छुक कार्यो के अनुभवी / योग्यताधारी, डिजिटल विधुत लाईसेन्सधारी संवेदको, नगर निगम में पंजीकृत नियमानुसार E-EWSD श्रेणी संवेदको, अन्य विभाग में पंजीकृत E-EWSD-I ऑन-लाईन "ई" टेण्डर प्रकिया से निगम शर्तो के अधीन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा के कार्यो, योग्यता, शर्तो की समस्त जानकारी वेबसाईट पर eproc.rajasthan.gov.in अथवा sppp.rajasthan.gov.in अथवा https://lsg.rajasthan.gov.in/nnjodhpur पर देखी जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
राज.संवाद / सी / 26 / 10098 नगर निगम जोधपुर

कार्यालय नगरपरिषद सलूम्बर जिला-सलूम्बर (राज0)

क्रमांकः-न.प.स. / निर्माण / 2026-27 / 2159-2163 दिनांक :- 11.08.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना 08 वर्ष 2026-27

नगरपरिषद सलूम्बर द्वारा उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में E-Procurement प्रकिया से www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। संवेदक द्वारा निविदा प्रपत्र, निविदा शर्तो व अन्य विस्तृत जानकारी इंटरनेट वेबसाईट www.sppp.rajathan.gov.in और www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

कुल निविदा के कार्य	:	02 कार्य
निविदा की कुल लागत	:	रू 70.00 लाख
कुल धरोहर राशि	:	अनुमानित लागत की दो प्रतिशत
ऑनलाईन निविदा फार्म प्राप्त करने व जमा करवाने की दिनांक	:	12 / 08 / 2026 प्रातः 12.00 बजे से 20 / 08 / 2026 सांय : 06.00 बजे तक
निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन जमा कराने की अवधि	:	12 / 08 / 2026 प्रातः 12.00 बजे से 20 / 08 / 2026 सांय : 06.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक	:	21 / 08 / 2026 दोपहर 12:00 बजे
NIB Code :- DLB2627A7093		
UBN Code :- DLB2627WSOB18218		UBN Code :- DLB2627WSOB18219

राज.संवाद / सी / 26 / 10090 आयुक्त, नगर परिषद सलूम्बर

राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), जालोर

क्रमांक/ चुनाव / लेखा/2026/497 **शुद्धि पत्र** दिनांकः 14.08.2026

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), जालोर द्वारा आगामी पंचायतीराज एवं नगरीय निकाय चुनाव 2026 एवं अन्य चुनावों के लिए विभिन्न ई-निविदा एवं खुली निविदा आमंत्रित की गई थी अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार निविदा में आंशिक संशोधन किया जाता है

क्र. सं.	निविदा का विवरण	UBN No.	बिड प्रस्तुत करने की पूर्व अंतिम दिनांक	बिड प्रस्तुत करने की संशोधित अतिम तिथि
1.	STATIONARY AND POLL MATERIAL	CJL2627 GLRC00016	18.08.2026; 01.00 PM	21.08.2026; 01.00 PM
2	BALLOT PAPER AND OTHER PRINTING WORK	CJL2627 SLRC00017	14.08.2026; 01.00 PM	21.08.2026; 01.00 PM
3	ALPAHAR AND MEAL	CJL2627 SLRC00018	14.08.2026; 01.00 PM	21.08.2026; 01.00 PM
4	PIPE, TENT, PANDAL & FURNITURE	CJL2627 SLRC00019	14.08.2026; 01.00 PM	21.08.2026; 01.00 PM
5	PHOTOCOPY AND MAP PRINTING	CJL2627 SSRC00020	18.08.2026; 01.00 PM	20.08.2026; 01.00 PM
6	COMPUTER REGARDING ITEMS	CJL2627 SSRC00023	18.08.2026; 01.00 PM	20.08.2026; 01.00 PM
7	CCTV CAMERA WORK	CJL2627 SSRC00024	18.08.2026; 01.00 PM	20.08.2026; 01.00 PM
8	GPS/GSM SYSTEM	CJL2627 SSRC00025	18.08.2026; 01.00 PM	20.08.2026; 01.00 PM
9	VIDEOGRAPHY/ PHOTOGRAPHY	CJL2627 SLRC00026	17.08.2026; 01.00 PM	21.08.2026; 01.00 PM
10	MACHINE WITH MAN	CJL2627 SSRC00030	18.08.2026; 01.00 PM	20.08.2026; 01.00 PM

DIPR/C/15046/2026 उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अति. जिला कलक्टर) जालोर

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

निविदा आमंत्रण सूचना

RVPN/Superintending Engineer (TBCB Cell)/ BN- TBCB-03 to TBCB-05

1) आरवीपीएन द्वारा M/S PFCCL (बीपीसी) को टीबीसीबी मार्ग के माध्यम से आरएफपी बोली प्रस्तुत करने से पहले बबई में 765/400 केवी जीएसएस का निर्माण, जिसमें 2x1500 MVA, 765/400 kV ICT, 2x500 MVA, 400/220 kV ICT और संबंधित 02 संख्या में 765 kV Bay अलवर (रुंध गिदावरा) जीएसएस, 02 संख्या में 400 kV Bay बबई जीएसएस, 02 संख्या में 400 kV आमेर (जयपुर नॉर्थ) जीएसएस और 02 संख्या में 220 kV Bay बेरी भजनगढ़ जीएसएस पर शामिल हैं, जिसमें सभी उपकरणा/सामग्री की आपूर्ति, निर्माण (सिविल कार्यो सहित), परीक्षण और कमीशनिंग टर्नकी आधार पर शामिल है, के लिए प्री-बिड टाई अप के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।

(विनिर्देश संख्या RVPN/TBCB CELL/BN-TBCB-03 और UBN संख्या-VPN2627WSOB01238)

2) आरवीपीएन द्वारा M/S PFCCL (बीपीसी) को टीबीसीबी मार्ग के माध्यम से आरएफपी बोली प्रस्तुत करने से पहले प्रस्तावित 765 केवी जीएसएस, बबई के लिए 765 केवी D/C बबई (765 केवी जीएसएस) - अलवर (रुध गिदावरा) लाइन (हेक्स जेबरा) (टावर डिजाइन बोलीदाता के कार्यक्षेत्र में) के निर्माण सर्वे, सभी उपकरणों, सामग्रियों की आपूर्ति, इरेक्शन (सिविल कार्यों सहित), टेस्टिंग और कमिशनिंग टर्नकी आधार पर शामिल हैं, के लिए प्री-बिड टाई अप के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।

(विनिर्देश संख्या RVPN/TBCB CELL/BN-TBCB-04 और UBN संख्या - VPN2627WSOB01241)

3) आरवीपीएन द्वारा M/S PFCCL (बीपीसी) को टीबीसीबी मार्ग के माध्यम से आरएफपी बोली प्रस्तुत करने से पहले प्रस्तावित 765 केवी जीएसएस, बबई के लिए विभिन्न ट्रांसमिशन तत्वों (02 संख्या 400 केवी D/C लाइन (01 क्वैड मूस. 01 ट्विन मूस) (टावर डिजाइन बोलीदाता के कार्यक्षेत्र में) और 02 संख्या 220 केवी D/C लाइन (टावर डिजाइन नियोक्ता के कार्यक्षेत्र में) के निर्माण सर्वे, सभी उपकरणों, सामग्रियों की आपूर्ति, इरेक्शन (सिविल कार्यों सहित), टेस्टिंग और कमिशनिंग टर्नकी आधार पर शामिल हैं, के लिए प्री-बिड टाई अप के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।

(विनिर्देश संख्या RVPN/TBCB CELL/BN-TBCB-05 और UBN संख्या-VPN2627WSOB01245)

विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना एवं बोलीदाता के लिए निर्देश वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in और https://energy.rajasthan.gov.in/rrvpn पर देखने एवं डाउनलोड करने हेतु उपलब्ध हैं। इच्छुक बोलीदाता बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अधीक्षण अभियंता, (TBCB Cell), कमरा संख्या No 414, विद्युत भवन RVPN, Jaipur के कार्यालय में बोलियां प्रस्तुत करेंगे। बिड जमा तिथि बढाने की सूचना. यदि कोई होगी तो. केवल https://energy.rajasthan.gov.in/rrvpn एवं http://sppp.rajasthan.gov.in की वेबसाईट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।

Superintending Engineer
राज.संवाद/सी/26/10016 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7756/2026 (TBCB Cell)

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जालोर

क्रमांक : एनएचएम-लेखा/2026-27/3502 दिनांक : 12/8/26

ई-निविदा सूचना -03-04/2026-27

इस कार्यालय के अधीन समय समय पर आयोजित किये जाने वाले विभिन्न प्रशिक्षणों में नाश्ता, भोजन एवं प्रशिक्षण हॉल व आवास की व्यवस्था के लिए पृथक-पृथक निविदाए राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम-2012 एवं नियम 2013 में विहित नियमों एवं वित्त विभाग के समय-समय पर जारी परिपत्रों के प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार पंजीकृत फर्मो/निविदादाताओं से E-proc. पॉर्टल पर ई-निविदा आमंत्रित कि जाती हैं -

आवेदन पत्र/निविदा दस्तावेज राज्य लोक उपापन पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in/sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN: MHS2627A2449
UBN: MHS2627SLOB03417
NIB: MHS2627SLOB03416
NIB: MHS2627A2450

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जालोर

राजस्थान सरकार

कार्यालय उप वन संरक्षक, सीकर (राजस्थान)

(सांवली रोड़, सीकर-332001, Ph. No. 01572-274094; email: dcf.sikar.forest@rajasthan.gov.in, dcfsikar@gmail.com)

क्रमांकःएफ () भण्डार/उवसंसी/2026-27/9970 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 10-8-26

राजकीय निर्माण विभागों में सिविल कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि इस वन मण्डल के अधीनस्थ रेंज श्रीमाधोपुर / पाटन / नीमकाथाना में निम्नानुसार कार्य करवाया जाना है। जिसके लिए शीलबन्द लिफाफों में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.08.2026 प्रातः 9.30 बजे से दिनांक 18.08.2026 दोपहर 11.00 बजे तक कार्यालय उप वन संरक्षक, सीकर से क्रय किये जा सकते है, समस्त दस्तावेज दिनांक 18.08.2026 को दोपहर 1.00 बजे कार्यालय में जमा करवाने होंगे। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

क्र. सं.	निविदा संख्या	नाम कार्य	स्थान का नाम जहाँ कार्य करवाया जाना	अनुमानित लागत राशि (लाखों में)	धरोहर राशि	निविदा शुल्क (रूपये में)
1	43/2026-27 UBN:- FOR2627WSOB01934	गजिबो हट निर्माण कार्य	बुद्धिगरी सिटी नेचर पार्क, फतेहपुर	4.99	10,000/-	500/-
2	44/2026-27 UBN:- FOR2627WSOB01935	स्टोर रूम मरम्मत कार्य	बुद्धिगरी सिटी नेचर पार्क, फतेहपुर	3.92	7,900/-	500/-
3	45/2026-27 UBN:- FOR2627WSOB01937	गार्ड चौकी एवं चार दीवारी पर रंग-रोगन का कार्य	बुद्धिगरी सिटी नेचर पार्क, फतेहपुर	2.49	5,000/-	500/-
4	46/2026-27 UBN:- FOR2627WSOB01938	लोहे के साईन बोर्ड आपूर्ति एवं फिक्सिंग कार्य	बुद्धिगरी सिटी नेचर पार्क, फतेहपुर	1.99	4,000/-	500/-
5	47/2026-27 UBN:- FOR2627WSOB01940	वॉटर हॉल निर्माण कार्य	शाकम्भरी कन्जर्वेशन रिजर्व, रेंज सीकर	1.98	4,000 /-	500/-
6	48/2026-27 UBN:- FOR2627WSOB01942	वॉच टॉवर मरम्मत कार्य	ईकोलॉजी पार्क एवं पक्षी विहार, बीड़ नानी	3.96	8,000 /-	500/-
7	49/2026-27 UBN:- FOR2627WSOB01944	वॉटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य	बगड़ियों की ढ़ाणी रेंज सीकर	4.99	10,000/-	500/-
8	50/2026-27 UBN:- FOR2627WSOB01945	अग्रिम मृदा कार्य (फेनिसंग, ट्रेंच, कैटलगार्ड हट, पिलर, गेट एवं साईनेज निर्माण कार्य)	रेंज नीमकाथाना के अधीन साईट Eco Restoration for woodland ecosystem Pithalpur 50 है.	2.14	4,300/-	500/-

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा के विस्तृत नियम शर्तें एवं माल / सेवा से संबंधित मात्रा / संख्या एवं विशिष्टयां आदि निविदा प्रपत्र में अंकित है।

DIPR/C/14636/2026 उप वन संरक्षक, सीकर